# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
A State University-Govt. of Uttar Pradesh, NAAC A++ Accredited, ISO 9001:2015 & ISO 14001:2015 Certified


पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि./सम्ब./2023/1765-78 दिनांक :09.10.2023

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/सचिव/प्रबन्धक,
(नगरीय निकाय की परिधि में आने वाले समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय)
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः-समस्त कालेजों एवं विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने के सम्वन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया संलग्न उपर्युक्त विषयक अनु सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या-2519/सत्तर-3-2023 दिनांक 29 सितम्बर, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से नगरीय निकाय की परिधि में आने वाले समस्त स्कूल/कालेजों/विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने की अपेक्षा की गई है।

अतः उपरोक्त के अनुपालन हेतु अपने महाविद्यालय/संस्थान में शासन के पत्र में दिये गये निर्देशानुसार 'स्वच्छ सारथी क्लब' की स्थापना करते हुये कृत कार्यवाही की सूचना अधोहस्ताक्षरी को 05 कार्यदिवसों मे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः- यथोक्त।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
2. वित्त अधिकारी।
3. परीक्षा नियन्त्रक।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली-मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली।
5. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
6. मीडिया प्रभारी।
7. कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय परिसर में उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने का कष्ट करें।
8. समन्वयक, सांस्कृतिक केन्द्र, विश्वविद्यालय परिसर।
9. उप कुलसचिव।
10. सहायक कुलसचिव, प्रशासन/सम्बद्धता।
11. निजी सचिव-कुलपति।
12. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।
13. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।

09/10/23

कुलसचिव

महत्वपूर्ण
संख्या–2519 /सत्तर–3–2023

प्रेषक,

अरविन्द सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

AR 2535

सेवा में,

1 निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0
प्रयागराज।

2 कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 29 सितम्बर, 2023

**विषय : समस्त कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–4555/नौ–5–2023–464सा/2018, दिनांक 01.09.2023 (छाया प्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से नगरीय निकाय की परिधि में आने वाले समस्त स्कूल/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में **'स्वच्छ सारथी क्लब'** बनाये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–4555/नौ–5–2023–464सा/2018, दिनांक 01.09.2023 की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से शासन को 01 सप्ताह में अवगत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

(अरविन्द सिंह)
अनु सचिव।

A.R. (Admin.)
कुलसचिव

श्री कमल
04.10.23

संख्या-2519 /सत्तर-3-2023

प्रमुख सचिव कार्यालय में
प्राप्त दिनांक 21/08/2023

समयबद्ध/महत्वपूर्ण
संख्या:-4555/नौ-5-2023-484सा/2018

संख्या 1826 /VIPPSHED/2023

प्रेषक,

अमृत अभिजात,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

नगर विकास अनुभाग-5

लखनऊ : दिनांक:01 अगस्त, 2023

**विषयः- समस्त स्कूल, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने के संबंध में।**

महोदय,

मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी महत्वाकांक्षी योजना-स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) की सफलता हेतु व्यापक जन-जागरूकता एवं जन-भागीदारी आवश्यक है।

आप अवगत है कि सामान्य जनमानस, किशोरों तथा युवाओं को स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) से जोड़ना व स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाना एक अतिमहत्वपूर्ण लक्ष्य है।

उपरोक्त वर्णित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एवं किशोरों, युवाओं व उनके अभिभावकों/अध्यापकों की सहभागिता सुनिश्चित् करने के उद्देश्य से स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में **'स्वच्छ सारथी क्लब'** का गठन होना प्रस्तावित है। साथ ही स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यन स्वच्छता कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किये जाने की भी योजना हैं।

**स्वच्छ सारथी क्लब के उद्देश्यः-**

- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के लक्ष्यों के विषय में जागरूकता फैलाना।
- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से प्लास्टिक बैन के विषय में जनजागरूकता फैलाना।
- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के विषयगत प्रेरणा देना।
- किशोरों व युवाओं के माध्यम से स्वच्छता के प्रति व्यवहारिक परिवर्तन के विषय में जन-जागरूकता फैलाना।
- **'स्वच्छ सारथी क्लब'** के सदस्यों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत आयोजित आई0ई0सी0 गतिविधियों में प्रतिभाग करना।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त उददेश्यों की सफलता हेतु अपने विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे जनपद के समस्त नगरीय निकायों में शिक्षण संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कराते हुये नगरीय निकायों की परिधि में आने वाले समस्त स्कूल/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में **'स्वच्छ सारथी क्लब'** की स्थापना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमृत अभिजात)
प्रमुख सचिव

वि0स0 (GKT)

01/09/2023
(एम0 पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

4462/45(J)/23
J-5

05-9-23

HE-3
05.09.23
(प्रेम कुमार पाण्डेय)
संयुक्त सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उ0प्र0 शासन।

5.9.2023

Anu Sir GO-VC